दिनांक - 09.03.2025　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　समय - 07.10PM

प्रादेशिक समाचार  एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

सांध्यकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की कल से होगी शुरूआत। 12 मार्च को पेश होगा बजट।
- मुख्यमंत्री ने माधव राष्ट्रीय उद्यान को देश का 58वां टाइगर रिजर्व बनाए जाने पर प्रधानमंत्री का जताया आभार।
- आदिवासी अंचलों में भगोरिया मेलो की धूम। मुख्यमंत्री झाबुआ और बड़वानी जिलों में हुए शामिल।
- आईसीसी चैंपियंस ट्राफी क्रिकेट के फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला जारी। भारत को मिला 252 रनों का लक्ष्य।

अब समाचार विस्तार सेः-

विधानसभा बजट सत्र

राज्य की सोलहवीं विधानसभा का बजट सत्र कल से आरंभ हो रहा है। 24 मार्च तक चलने वाले इस सत्र में सदन की नौ बैठेकें होंगी। बजट सत्र को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आज शाम विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सदन में पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया। विधानसभा के प्रमुख सचिव ए पी सिंह के अनुसार बजट सत्र की अधिसूचना जारी होने से अब तक विधानसभा सचिवालय में 2939 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुए हैं। इस बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बजट सत्र प्रदेश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा उन्होंने कहा कि सरकार ने आने वाले भविष्य की दृष्टि से सभी विभागों के माध्यम से जनता की आशा और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य किया है।

मुख्यमंत्री-माधव पार्क

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का माधव राष्ट्रीय उद्यान को देश का 58वां और मध्यप्रदेश का 9वां टाईगर रिजर्व की सौगात प्रदान करने के लिये आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर केन्द्र सरकार के इस निर्णय को प्रदेश के वन्य जीव संरक्षण प्रयासों के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह मध्यप्रदेश को वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में मिली एक और बड़ी उपलब्धि है। माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी जिले में स्थित है। यह ऐतिहासिक और प्राकृतिक दृष्टि से बेहद समृद्ध है। टाइगर रिजर्व घोषित करने से यहां वन्यजीवों के संरक्षण के साझा प्रयासों को और अधिक मजबूती मिलेगी।

सिग्नल लैस-इंदौर

नगरीय विकास एवं आवास विभाग इंदौर को सिग्नल-लैस शहर बनाने की योजना पर कार्य कर रहा है। इसका उद्देश्य शहर में यातायात को निर्बाध रूप से संचालित करना है। योजना के तहत फ्लाई-ओवर, बाय-लेन, अंडर पास और इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम जैसी पहल लागू की जा रही हैं। योजना के पूरा होने पर इंदौर शहर में नागरिकों का यात्रा समय कम होगा और ट्रैफिक सुचारु रहेगा। सिग्नल-लैस योजना तेजी से बढ़ते शहरी यातायात को सुविधाजनक बनाने और यात्रा समय को कम करने में मदद करेगी। विभाग द्वारा प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में 1330 बसों का संचालन शहरी मार्गों पर किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने की दृष्टि से पीएम ई-बस सेवा में 552 ई-बसों का प्रस्ताव केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय को भेजा गया है।

मुख्यमंत्री ओंकारेश्वर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ओंकारेश्वर में ब्रह्मपुरी घाट पर आयोजित अमृतस्य मां नर्मदा पद परिक्रमा कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओंकारेश्वर में भव्य ज्योतिर्लिंग मंदिर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्च माह के बाद चिंहित तीर्थ स्थलों पर शराब की दुकानों को बंद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि माँ नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को पवित्रता के साथ उसके मूल स्वरूप में स्थापित करने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा यात्रियों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया।

प्रधानमंत्री-एम्स

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित एम्स का दौरा किया और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना की। उपराष्ट्रपति धनखड़ को बेचैनी की शिकायत के बाद कल रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया कि श्री धनखड़ की हालत फिलहाल स्थिर है।

मुख्यमंत्री भगोरिया

प्रदेश के आदिवासी अंचलों में इन दिनों भगोरिया मेलों की धूम है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज झाबुआ और बड़वानी जिलों में आयोजित इन मेलों में सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने जिला बड़वानी के चिकल्दा में आयोजित भगोरिया उत्सव में सहभागिता की। झाबुआ में आयोजित भगोरिया और भील महासम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अनास नदी को नर्मदा से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे।

संसद-बजट सत्र

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से शुरू होगा। सत्र का यह चरण 4 अप्रैल तक चलेगा जिसमें 20 बैठकें होंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल मणिपुर के लिए बजट पेश करेंगी। पिछले महीने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है।

सत्र के दौरान वर्ष 2025-26 के लिए अनुदान मांगों और संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा और मतदान किया जाएगा।

वीओ- वैष्णवी

अंगदान रैली

भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सको द्वारा आज अंगदान को लेकर जागरूकता के लिए राजभवन से एक वाहन रैली निकाली। राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली में पहुंचे भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि अंगदान महादान यह बहुत ही अच्छा दान है और इस दान से बड़ा कोई दान नहीं है।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी

दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड ने भारत के बीच मुकाबला जारी है। न्यूजीलैंड ने भारत के सामने जीत के लिए 252 रन का लक्ष्य रखा है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवर में 07 विकेट पर 251 रन बनाए। डेरेल मिचेल ने सबसे अधिक 63रन की पारी खेली। भारत के लिए वरूण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिए।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

ऽ कटनी के उमरियापान के पास नर्मदा नहर में तीन बच्चियां डूब गई। इसमें दो बच्चियों की मौत हो चुकी है, जबकि तीसरी बच्ची की तलाश जारी है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि यह हादसा आज सुबह तब हुआ जब तीनों बच्चियां नहर में नहाने गई थीं।

ऽ शहडोल जिले में बिजली के मीटरों को बदलने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके चलते अब तक 38 हजार उपभोक्ताओं के बिजली के मीटर बदले जा चुके हैं।

ऽ शिवपुरी जिले में होलिका दहन सहित अन्य त्यौहार को शांति एवं सौहार्द्रपूर्वक मनाने की दृष्टि से सद्भावना एवं समन्वय समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 11 मार्च को किया जाएगा।

ऽ सीहोर जिले में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2024-25 के दूसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत, चुने गए उम्मीदवारों को देश की टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा।

ऽ गुना जिले में सुबह, शाम ठंड का असर बना हुआ है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बदलते मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी है।

ऽ कटनी जिले में रमजान और आगामी होली पर्व को देखते हुए कलेक्टर दिलीप यादव के निर्देश पर लोगों को मिलावटी खाद्य पदार्थ के सेवन से बचाने के लिए जिला खाद्य सुरक्षा टीम ने कल जिले के खाद्य दुकानदारों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।